## सार-समाचार

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी कदम : अपूर्वा सिंह

**बीकानेर।** भाजपा प्रदेश मंत्री अपूर्वा सिंह चौहान ने आज भाजपा संभाग मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस अधिनियम को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि यह देश की आधी आबादी को मुख्यधारा की राजनीति में सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करेगा। अपूर्वा सिंह चौहान ने कहा कि 'नारी शक्ति का सम्मान ही देश का स्वाभिमान है' और इसी भावना के साथ केंद्र सरकार द्वारा लाया गया यह अधिनियम देशभर में उत्साह का वातावरण बना रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। इसके लागू होने से महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और वे नीति-निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश की महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पर जो विश्वास जताया है, उसी का परिणाम है कि आज महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। महिलाओं के आशीर्वाद और समर्थन से ही मोदी सरकार निरंतर जनहित में ऐतिहासिक निणर्य ले रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का विजन तभी साकार होगा, जब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने केंद्र सरकार की महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, जनधन योजना एवं 'लखपति दीदी' संकल्प का भी उल्लेख किया। जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को जो सम्मान और अधिकार दिए हैं, वह पिछले कई दशकों में किसी अन्य सरकार ने नहीं दिए।प्रेस वार्ता में देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया, पूर्व महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित एवं मीडिया संयोजक मनीष सोनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक रुपए में 4 जी सिम, बीएसएनएल का बड़ा दांव

**बीकानेर ।** सरकारी टेलीकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए एक बेहद सस्ता और दमदार 4जी प्लान लॉन्च किया है। इस ऑफर के तहत नए और एमएनपी से जुड़ने वाले उपभोक्ताओं को मात्र एक रुपए में 4जी सिम दिया जा रहा है, जिसमें 30 दिनों तक रोज 2जीबी हाई-स्पीड डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और प्रतिदिन 100 एसएमएस की सुविधा मुफ्त मिलेगी। बीकानेर व्यवसाय क्षेत्र के महाप्रबंधक ओ.पी. खत्री ने बताया कि यह स्कीम 30 अप्रैल तक लागू रहेगी और खासतौर पर नए ग्राहकों और दूसरी कंपनियों से बीएसएनएल में पोर्ट कराने वालों के लिए है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल ने हाल ही में स्वदेशी तकनीक पर आधारित 4जी सेवा शुरू की है, जिससे इंटरनेट स्पीड और नेटवर्क गुणवत्ता में सुधार हुआ है। ग्राहक यह सिम कचहरी परिसर स्थित बीएसएनएल कस्टमर सेवा केंद्र या अधिकृत रिटेलर्स से प्राप्त कर सकते हैं। फाइबर यूजर्स के लिए भी कंपनी ने आकर्षक ऑफर पेश किया है। एफटीटीएच कनेक्शन लेने वाले ग्राहकों को पहले महीने की सेवा मुफ्त मिलेगी। इसके बाद 499 रुपए वाले प्लान को तीन महीने तक सिर्फ 399 रुपए में उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्लान में फ्री मॉडेम, 400 से ज्यादा लाइव टीवी चैनल, ऑन-डिमांड कंटेंट, वाई-फाई रोमिंग और हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा शामिल है। ग्राहक इन सेवाओं को 18004444 व्हाट्सऐप नंबर पर हाय लिखकर भी बुक कर सकते हैं। टेलीकॉम सेक्टर में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच बीएसएनएल का यह एक रुपए वाला 4जी ऑफर एक बड़ी रणनीतिक चाल माना जा रहा है। निजी कंपनियों के महंगे रिचार्ज प्लान के बीच बीएसएनएल कम कीमत में ज्यादा सुविधाएं देकर ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करना चाहती है। दूरसंचार विशेषज्ञों का मानना है कि यह ऑफर खासतौर पर ग्रामीण और मध्यम वर्गीय उपभोक्ताओं के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। साथ ही, एमएनपी के जरिए अन्य कंपनियों के ग्राहकों को जोड़ने की कोशिश भी इस योजना में साफ दिखाई देती है। कुल मिलाकर, बीएसएनएल का यह कदम न सिर्फ ग्राहकों के लिए राहत लेकर आया है, बल्कि टेलीकॉम बाजार में प्रतिस्पर्धा को भी नई दिशा दे सकता है।

### ग्रामीण खुले में शौच को मजबूर, स्वच्छता अभियान को झटका

**लूणकरणसर।** उपखंड मुख्यालय पर 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय अनुपयोगी साबित हो रहा है। उपखंड कार्यालय और अस्थाई बस स्टैंड के पास बना यह शौचालय वर्षों से बंद पड़ा है। इसके कारण स्थानीय ग्रामीणों और यात्रियों को खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो स्वच्छता व्यवस्था की जमीनी हकीकत को दर्शाता है। बस स्टैंड के निकट होने के कारण खास रूप से महिला यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, लूणकरणसर ग्राम पंचायत ने लगभग 10 वर्ष पहले एसडीएम कार्यालय के पास यह सार्वजनिक शौचालय बनवाया था। इसका उद्देश्य एसडीएम आवास और कार्यालय की दीवारों के पास गंदगी फैलने से रोकना था, लेकिन यह अपने उद्देश्य में विफल रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि नगरपालिका प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन नहीं कर रहा है। इसी वजह से शौचालय का नियमित उपयोग नहीं हो पा रहा है और इसका मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो सका है। सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने इस शौचालय का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। खुले में शौच के कारण न केवल स्वच्छता अभियान को झटका लग रहा है, बल्कि बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है। शौचालय परिसर के आसपास बड़े-बड़े झाड़ उग आए हैं और यह नशेडि़यों का अड्डा बन गया है। इस संबंध में नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी (ईओ) भवानी दान चारण ने बताया कि शौचालय दस वर्षों से बंद पड़ा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि छोटे स्तर के मरम्मत कार्य करवाकर ग्रामीणों को जल्द ही इस समस्या से राहत दिलाई जाएगी।

### लूणकरणसर में गेहूं की खरीद शुरू

**लूणकरणसर ।** क्षेत्र में भारतीय खाद्य निगम के खरीद केंद्र पर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। किसानों को गेहूं का समर्थन मूल्य 2735 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा। मंडी सचिव सुरेश कुमार मंगल और क्वालिटी इंस्पेक्टर वेंकटेश्वर सोनगरा ने बताया कि खरीद केंद्र पर पहले दिन किसान मोहित गोदारा और दिनेश गोदारा के गेहूं की तुलाई के साथ कार्य प्रारंभ किया गया।

# सीईओ ने नोखा व पांचू क्षेत्र का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लिया

■ सीईओ ने गुरु जम्भेश्वर भगवान के मंदिर में दर्शन किए

**बीकानेर ।** जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलजा पांडे ने रविवार को पंचायत समिति नोखा एवं पांचू क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दौरे के दौरान ग्राम पंचायत मुकाम में विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए उन्होंने मुकाम स्थित गुरु जम्भेश्वर भगवान के मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने इस पवित्र स्थल को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सोमलसर के सामुदायिक भवन एवं लाइब्रेरी का निरीक्षण कर उन्हें शीघ्र क्रियाशील करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत चरकड़ा में अन्नपूर्णा रसोई का भी निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने पंचायत समिति नोखा कार्यालय का निरीक्षण कर नवीन भवन की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारियों से कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, पार्क एवं हाईटेक लाइब्रेरी विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता गतिविधियों को बढ़ाने, विभागीय कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने तथा राजस्थान संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात पंचायत समिति पांचू क्षेत्र की ग्राम पंचायतों का भी दौरा किया गया। ग्राम पंचायत कूदसू में पार्क एवं स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित 21 अप्रैल के पचपदरा दौरे के मद्देनजर नोखा विधानसभा क्षेत्र (पंचायत समिति नोखा एवं पांचू) के लाभार्थियों हेतु निर्धारित चेक पोस्ट स्थल का भी निरीक्षण किया गया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने पंचायत समिति परिसर में गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पालसिये स्थापित कर उनमें जल भरवाया तथा आमजन से पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता रखने की अपील की। इसके साथ ही पशुओं के लिए खेळी में पर्याप्त जल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।इस अवसर पर विकास अधिकारी नोखा भोम सिंह इंदा, विकास अधिकारी पांचू जसवंत बिश्नोई, सहायक अभियंता सदासुख स्वामी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गौ सेवा सम्मान अभियान को लेकर बैठक

**पूंगल ।** यहां गौ सेवा सम्मान अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गौ भक्तों द्वारा 27 अप्रैल को तहसील मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपने का निणर्य लिया गया। इस राष्ट्रव्यापी अभियान का मुख्य उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना है। यह बैठक पूगल की श्री महादेव गौशाला में हुई। इसमें संत श्री भोले बाबा, संत शंकरानन्द जी महाराज और संत श्री विद्यासागर जी महाराज सहित कई गौ सेवक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संत भोले बाबा ने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को गौ भक्त तहसील मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आ ान किया। उन्होंने बैठक में सूचना के बावजूद कम संख्या में उपस्थित लोगों पर चिंता भी व्यक्त की। संत शंकरानन्द जी महाराज ने कहा कि गौ माता की सेवा हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। उन्होंने सभी सनातनियों से इस जन जागरण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

## अम्बेडकर जयन्ती कार्यक्रम आज

**बीकानेर ।** सांसद सेवा केन्द्र में रविशेखर मेघवाल द्वारा सोमवार को भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट के बैनर तले भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर व महात्मा ज्योतिबा फूले की जयन्ती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया। रविशेखर मेघवाल ने बताया कि कार्यक्रम में देश के कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में वक्ता के तौर पर महिलाओं की भागीदारी अहम रहेगी। सामाजिक समरसता के इस अवसर पर अलग-अलग समाज की महिलाऐं भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर व महात्मा ज्योतिबा फूले द्वारा महिलाओं के उत्थान के योगदान को लेकर अपना वक्तव्य रखेगी। रविशेखर मेघवाल ने यह भी बताया कि कल होने वाले कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम में बीकानेर जिले सहित आस-पास के जिलों से बडी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

# किसान सभा के 90 वर्ष पूरे होने पर संगोष्ठी

■ ऐतिहासिक संघर्षो को किया याद, किसानों के अधिकारों पर हुई चर्चा

■ केंद्र सरकार को कृषि अध्यादेश वापस लेने पर मजबूर होना पड़ा

**लूणकरणसर ।** अखिल भारतीय किसान सभा के 90 वर्ष पूरे होने पर शनिवार को तहसील कार्यालय स्थित कॉमरेड शोपतसिंह किसान मजदूर भवन में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तहसील अध्यक्ष मांगीलाल गोदारा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संगोष्ठी में तहसील सचिव रामप्रताप पटीर ने बताया कि अखिल भारतीय किसान सभा की स्थापना 11 अप्रैल 1936 को लखनऊ में स्वामी सहजानंद सरस्वती की अध्यक्षता में हुई थी। जिला अध्यक्ष कॉमरेड लालचंद भादू ने सभा द्वारा पिछले 90 वर्षों में किए गए ऐतिहासिक आंदोलनों का विस्तार से जिक्र किया। उन्होंने बताया कि आजादी के आंदोलन के साथ-साथ किसानों को जमीन पर मालिकाना हक दिलाने और जमींदारी प्रथा समाप्त करने के लिए संघर्ष किया गया। किसान सभा ने अंग्रेजी हुकूमत द्वारा किसानों से कर वसूली के खिलाफ भी मजबूत आंदोलन चलाए। आजादी के बाद भी अखिल भारतीय किसान सभा देश भर में किसानों पर हो रहे अत्याचारों और उनके मूलभूत अधिकारों के लिए संघर्षरत है। भादू ने पिछली केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार कृषि कानूनों के खिलाफ एक वर्ष से अधिक समय तक चले ऐतिहासिक आंदोलन में किसान सभा की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से वार्ता करने वाली पांच सदस्यीय सर्वोच्च समिति में किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक ढावले और महासचिव हनान मौला शामिल थे। इस समिति के प्रयासों से केंद्र सरकार को कृषि अध्यादेश वापस लेने पर मजबूर होना पड़ा। कॉमरेड भादू ने यह भी जानकारी दी कि कॉमरेड शोपतसिंह एक बार किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे थे, जबकि कॉमरेड अमराराम उत्तरी भारत से पहली बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। इस अवसर पर नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष सत्यपाल प्रजापत, मांगीलाल गोदारा, रामप्रताप चालीया, मास्टर भैराराम गोदारा, भंवरलाल शर्मा, मोहनलाल खुडिया, हुकमाराम पोटलिया, रघुवीर सिगाठीया और सीताराम पुनिया सहित कई कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 से

■ पहला जत्था एक जुलाई को होगा रवाना

**बीकानेर।** जम्मू-कश्मीर पहुंचनेके बाद तय किए गए सेंटर्स से आरएफआईडी कार्ड जरूर प्राप्त करें। इसे लेते वक्त अपना आधार कार्ड साथ रखें। सुरक्षा के लिए पूरी यात्रा के दौरान इस कार्ड को अपने गले में पहनकररखना अनिवार्य है।पहचान पत्र और इमरजेंसी पर्ची: अपना आईडी प्रूफजैसे ड्राइविंग लाइसेंस और यात्रा परमिट हमेशापास रखें।

एक पर्ची पर अपने साथ उसी दिनदर्शन के लिए जा रहे किसी साथी यात्री का नाम,पता और मोबाइल नंबर लिखकर अपनी जेब मेंरखें ताकि आपातकाल में काम आ सके।मौसम की तैयारी: पहाड़ों पर मौसम का कोईभरोसा नहीं होता और पारा अचानक 5 डिग्रीसेल्सियस से नीचे लुढ़क सकता है। इसलिएपर्याप्त गर्म कपड़े, रेनकोट, विंडचिटर, छाता औरवाटरप्रूफ जूते जरूर ले जाएं। अपने कपड़ों औरवाटरप्रूफ बैग में ही पैक करें। बाबा बर्फानी के दर्शन की प्रतीक्षा कर रहे श्रद्धालुओं केलिए श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने रजिस्ट्रेशन की तैयारियांशुरू कर दी हैं। देशभर में 554 निर्धारित बैंक शाखाओं मेंरजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। इस साल अमरनाथयात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलेगी। कुल38 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा के लिए हर साललाखों श्रद्धालु पवित्र गुफा में भगवान शिव के शिवलिंग केदर्शन करने पहुंचते हैं।

## पानी की निकासी नहीं होने से अव्यवस्था

**बम्बलु ।** जिले के बम्बलू गांव में जगह-जगह गंदा पानी जमा होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की उचित निकासी न होने के कारण यह समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। लंबे समय से जमा इस गंदे पानी में मच्छर और अन्य कीड़े पनप रहे हैं, जिससे विभिन्न बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों को आवाजाही में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पंचायती राज प्रशासन की निष्क्रियता पर रोष व्यक्त किया है।

## जर्जर सड़क

**नापासर।** क्षेत्र में गुसाईसर से बेलासर तक बनी 4.8 किलोमीटर लंबी संपर्क सड़क महज तीन से चार साल में ही जर्जर हो गई है। इस सड़क के निर्माण पर करीब 1 करोड़ 41 लाख रुपए खर्च हुए थे।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क बनने के बाद से ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे थे। वर्तमान में सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है और कई हिस्सों में बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# लक्ष्मीनाथ पार्क की दीवारें अब शहर की विरासत

**बीकानेर।** यहां 539वें स्थापना दिवस पर लक्ष्मीनाथ पार्क एक बार फिर कला और संस्कृति का केंद्र बनने जा रहा है। लक्ष्मीनाथ मंदिर विकास एवं पर्यावरण समिति के साथ शहर के 15 प्रमुख चित्रकार मिलकर पार्क की दीवारों पर म्हारो प्यारो बीकाणो थीम पर चित्रकारी करेंगे, जिससे पूरे परिसर को एक नई पहचान और आकर्षण मिलेगा। समिति के सचिव सीताराम कच्छावा ने बताया कि जिला प्रशासन, बीकानेर विकास प्राधिकरण, राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर तथा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 12,16 और 17 अप्रैल तक तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित होगी, जिसकी शुरुआत चित्रकारी कार्यशाला से होगी। पेंटर धर्मा स्वामी और उप संयोजक रामकुमार भादाणी के अनुसार बीकानेर के 15 चित्रकार बीकानेर की पहचान से जुड़े प्रमुख स्थलों को पार्क की दीवार पर प्रमुख स्थानों लक्ष्मीनाथ मंदिर, भांडाशाह जैन मंदिर, राव बीकाजी की टेकरी, कोटगेट,जूनागढ़ फोर्ट, जिलाधीश कार्यालय,लक्ष्मी निवास पैलेस, रामपुरिया हवेली,देशनोक करणी माता मंदिर, गजनेर झील, कोलायत सरोवर के चित्र तथा सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राएं उकेर कर शहर बीकानेर के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान प्रदर्शित करेंगे।

# चंदा-पाग कला के अनछुए प्रसंग' विषयक परिसंवाद का आयोजन

■ चंदा-पाग कला के अनछुए प्रसंग' विषयक परिसंवाद का आयोजन

**बीकानेर ।** राजस्थानी साफा-पाग पगड़ी, कला संस्थान एवं थार विरासत की ओर से 538 वें नगर स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित छः दिवसीय 'उछब थरपणा' के चौथे दिन आज लक्ष्मीनारायण रंगा सृजन-सदन में 'चंदा-पाग कला के अनछुए प्रसंग' विषयक परिसंवाद का आयोजन रखा गया है।

परिसंवाद का विषय प्रवर्तन करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा ने चंदे का ऐतिहासिक इतिहास बताते हुए कहा कि नगर स्थापना के दिन से चंदे को जहां-जहां से उड़ाया और जहां-जहां चंदा गिरा वहां-वहां बीकानेर की सीमा (शफील) बनाई गई। रियासत काल में सभी जाति पंचायतें चंदा उड़ाती थी। जिसे मथेरन जाति के लोग बनाते थे एवं साथ ही जाति विशेष के लोग अपने इष्ट देव का चित्र भी उसमें बनवाते थे। रंगा ने आगे बताया कि पाग-पगड़ी जाति विशेष के अनुसार उसका रंग व पहनावा हुआ करता था। जो अलग-अलग जातियों एवं अंचलों में अपनी परंपरा अनुसार होता था।

इसी क्रम में चंदा-पाग कला विशेषज्ञ कृष्णचंद पुरोहित ने बताया कि चंदा बही के कागज से बनता जिसके चारों ओर लाल और केसरिया रंग का कपड़ा लगाकर सरकंडे के साथ सूर्य जैसा गोल आकृति का चंदा बनता था। यह विरासत आज भी अपने आप में अनूठी है।

इस अवसर पर युवा कवि पुनीत कुमार रंगा ने ऐतिहासिक प्रसंग बताते हुए कहा कि नगर स्थापना के दिन राव बीकाजी द्वारा 22 गज की पगड़ी के 7 फीट का चंदा बनवाकर आकाश में उड़ाकर यह संदेश दिया कि बीकानेर की यश-कीर्ति अनंतकाल तक अक्षुण रहेगी। साथ ही उस दौर में चंदा हर घर में उड़ाया जाता था कोई उसे फाड़ता चोरी नहीं करता था। यदि वह ऐसा करता तो उसे राजा द्वारा दंडित करके जुर्माने के रूप में एक रूपया लिया जाता था।

इस अवसर पर कला विशेषज्ञ डॉ. राकेश किराडू एवं मोना सरदार डूडी ने कहा कि रियासत काल में चंदा उड़ाने की परंपरा से जुड़े लोक के गीत/दोहे आज भी नगर स्थापना चंदा उड़ाने की परंपरा के साथ बोले जाते है जैसे- आकाशों में उड़े म्हारौ चंदौ लक्ष्मीनाथ म्हारी सहाय करे..../गवरा दादी पून दे टाबरियों रौ चंदो उड़े...के साथ चंदों पर राजा के यश की गाथा होती थी। परंतु समकालीन दौर में चंदे के माध्यम से वर्तमान समस्याएं यथा-चाईनीजे मांझे का बहिष्कार, पर्यावरण, जीव रक्षा, स्थापत्य कला के चित्र आदि के माध्यम से संदेश देते हुए चंदा बनाया एवं उड़ाया जा रहा है।

इस अवसर पर गोपीकिशन छंगाणी, गौरीशंकर व्यास, मोहित पुरोहित, आशीष रंगा, अशोक शर्मा, राहुल आचार्य, धर्मेन्द्र छंगाणी, मनमोहन पालीवाल, मरूधरा बोहरा, तोलाराम सारण, अख्तर अली, कन्हैयालाल, चंपालाल गहलोत, सोहन मोदी, भंवर मोदी सहित अनेक लोगों ने उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता निभाते हुए बीकानेर की चंदा व साफा कला परंपरा से जुड़े अनछुए प्रसंगों का आनंद लिया।परिसंवाद का संचालन राजेश रंगा ने किया एवं सभी का आभार हरिनारायण आचार्य ने ज्ञापित किया।

# राजियासर में अंबेडकर जयंती की तैयारियां तेज

**सूरतगढ़ ।** उपखंड के राजियासर स्थित अंबेडकर पार्क में बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती को लेकर सर्व समाज की बैठक रविवार को आयोजित की गई। यह बैठक अंबेडकर नवयुवक संघ उपशाखा राजियासर के तत्वावधान में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। अंबेडकर नवयुवक संघ के अध्यक्ष प्रिंस खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को अंबेडकर पार्क में जयंती समारोह हर्षोल्लास एवं भव्य रूप से मनाया जाएगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक में विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई तथा विभिन्न जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक से पूर्व सर्व समाज के लोगों ने अंबेडकर पार्क में श्रमदान कर साफ-सफाई की और परिसर को व्यवस्थित किया। इस दौरान जयंती समारोह एवं आगामी मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया, जिससे आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत ठुकराना के सरपंच गिरधारी स्वामी, कांग्रेस पदाधिकारी बनवारीलाल थोरी एवं भागीरथ झोरड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी अंबेडकर पार्क पहुंचे। उन्होंने उपस्थित लोगों को 15 अप्रैल को ठुकराना गांव में आयोजित होने वाले बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

बैठक में उपस्थित सर्व समाज के लोगों ने ठुकराना में होने वाले कार्यक्रम के पोस्टर का सामूहिक रूप से विमोचन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर हनुमान पाटवाल, भंवरलाल खंडेलवाल, लूणाराम लीलड़, दौलतराम भाटी, शिशपाल खंडेलवाल, रमेश खंडेलवाल, साहबराम गोदारा, प्रकाश झंवर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमावत का अभिनंदन

**बीकानेर ।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमावत का प्रथम बार बीकानेर आगमन पर बंगला नगर में अभिनंदन किया गया। एक स्थानीय गेस्ट हाउस में आयोजित इस विशाल सभा में समाज के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और ओबीसी समाज के लोगों सहित आमजन ने पुष्पवर्षा और गगनभेदी नारों के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्यतिथि प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा डॉ महेन्द्र कुमावत रहे "कार्यक्रम की अध्यक्षता कुम्हार समाज बीपी एच ओ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अशोक प्रजापत ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र कुमावत ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा, 'संगठन की शक्ति ही हमारी असली पूँजी है। हमें सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुँचाना है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में बीपी एच ओ प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट अशोक प्रजापत ने कहा कि भाजपा ने डॉ महेंद्र कुमावत पर जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी है उसमें ओबीसी राजस्थान के सभी लोग एकजुट होकर कार्य करेंगे डॉ कुमावत सभी को साथ लेकर जन कल्याण कारी योजनाओं को अंत्योदय तक पहुंचाने का कम करेंगे । विशिष्ट वक्ता के रूप में जिला महामंत्री श्याम सिंह हाडला, कौशल शर्मा और राजेंद्र पवार ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। साथ ही, हुकमचंद सोनी, सोहनलाल प्रजापत,और मगाराम ने भी सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। सभा के आरम्भ में अशोक प्रजापत अर्जुन कुमावत व माणक कुमावत द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को साफा और स्मृति चिह्न भेंट किया गया।सभा में सैकड़ों की संख्या में मौजूद लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि वे संगठन के कार्यों में कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे।

### वित्तीय सहायता पाकर खिल उठे धूमावती माताओं के चेहरे

**बीकानेर ।** वर्तमान में इस भाग दौड़ भरे जीवन में एक व्यक्ति जहां खुद अपने परिवार के जीविकोपार्जन में उलझा रहता है वहीं दूसरी और धूमावती चेरिटेबल ट्रस्ट गरीबी रेखा से नीचे व विधवा माताओं को इस बदलते परिवेश में वित्तीय सेवा उपलब्ध करवाकर माताओं को अपने निजी खर्चे खुद वहन करने का आत्मविश्वास दिला रहा है जो कि निश्चय ही सराहनीय कदम है यह भाव धरणीधर महादेव मन्दिर परिसर में धूमावती माताओं हेतु आयोजित त्रेमासिक वित्तीय सेवा समारोह में राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी राजकुमार मीणा ने कहे । करणी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष महेश कोठारी ने बताया कि वास्तव में बीकानेर छोटी काशी ही है यहां हर व्यक्ति किसी ना किसी प्रकल्प से नर सेवा नारायण सेवा से जुड़ा हुआ है । ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा यह सेवा प्रकल्प इन माताओं के चेहरे पर मुस्कान लाने में निश्चय ही सफल रहा है । प्रमुख ऊन व्यवसायी एवं समाजसेवी मनीष सिपाणी ने बताया कि आज यह देखकर साक्षात प्रतीत होता है कि ट्रस्ट सीधे परमात्मा को खुश करने का कार्य कर रहा है"इस अनूठे प्रकल्प का साक्षी बनना मेरे लिए सौभाग्य का क्षण है और माताओं के चेहरे की मुस्कान साक्षात इश्वर के मुस्कान के समान है"ट्रस्ट अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि पंडित घनश्याम आचार्य के मार्गदर्शन में ट्रस्ट द्वारा 101 धूमावती माताओं को 1500 रुपये की त्रैमासिक वित्तीय सेवा व भामाशाह द्वारा माताओं के लिए मिठाई एवं नमकीन भेंट किये गए । इस अवसर पर रामगोपाल अग्रवाल, अनंन्तवीर जैन, मोहनलाल चांडक, नरेंन्द्र जैन, रामस्वरूप जनागल, कश्मीरीलाल मक्कड़, भंवरलाल चांडक, कन्हैयालाल आचार्य, विनोद जोशी, राधेश्याम पंचारिया, सेवाराम सोनी, गिरधारी पंवार, जेना महाराज, योगेश पंचारिया आदि उपस्थित हुए ।

### भगवान श्री परशुराम सर्किल पर श्रमदान

**बीकानेर ।** प्रातः निर्धारित समयानुसार 7 बजे अवर फॉर नेशन टीम द्वारा पब्लिक पार्क स्थित भगवान श्री परशुराम सर्किल पर रविवार स्वच्छता अभियान चलाया गया। शहर के मध्य स्थित होने के बावजूद यह स्थल लंबे समय से उपेक्षित रहा है, जहां नियमित सफाई व्यवस्था का अभाव स्पष्ट रूप से देखा गया। टीम के सदस्यों ने पूरे समर्पण और ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए मात्र दो घंटों में सर्किल एवं उसके तालाब क्षेत्र की व्यापक सफाई की। अभियान के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भरकर प्लास्टिक एवं अन्य कचरा एकत्रित कर हटाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र का स्वरूप बदला हुआ नजर आया।अभियान के दौरान यह भी देखने में आया कि स्थल पर आधुनिक प्रकार के नशे से संबंधित संदिग्ध उपकरण (इलेक्ट्रॉनिक स्मोकिंग डिवाइस) के संकेत मिले, जो सामाजिक चिंता का विषय है और इस दिशा में जागरूकता की आवश्यकता को दर्शाता है। आज के कार्यक्रम का एक प्रेरणादायक पहलू यह रहा कि प्राच्य विधा संस्थान के निदेशक नितिन गोयल स्वयं उपस्थित होकर टीम का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने टीम सदस्यों का सम्मान करते हुए मोमेंटो भेंट किए तथा प्रत्येक रविवार इस अभियान से जुड़ने का संकल्प व्यक्त किया।आज के अभियान में भवानी सिंह राजपुरोहित, गुरमोहन सेठी, सीए सुधीश शर्मा, डॉ. बृजेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. रेखा माथुर, सीए वसीम रज़ा, अरुण चम, शक्ति सिंह सेरूना, रामहंस मीना, डॉ. विशाल मलिक, दीपा सिंह, वंदना शर्मा, माणक व्यास, इन्द्र सिंह, कपिला शर्मा, बसंत, राकेश गुज्जर, डॉ. नितिन गोयल, डॉ. फारूक, मोहम्मद हसन, गजेंद्र सरीन एवं भाटिया जी उपस्थित रहे।'प्द्ले दैं ेदह' टीम का यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जिम्मेदारी, जागरूकता और राष्ट्रभावना को सशक्त करने का एक सतत प्रयास है।

### मुक्तिधाम में वाटर कूलर का उद्घाटन

**बीकानेर ।** भामाशाह कश्मीरी लाल मक्कड़ परिवार द्वारा स्व चांद रानी मक्कड़ की स्मृति में मुक्तिधाम पवनपुरी में प्रदत्त वाटर कूलर एवं फिल्टर का उदघाटन मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी के मुख्य आतिथ्य में समाजसेवी एवं महिला शिक्षा को समर्पित निर्मला देवी ने किया। निर्मला देवी ने वैशाख मास में मक्कड़ परिवार द्वारा मुक्तिधाम में ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए भामाशाह कश्मीरी लाल मक्कड़, संजीव मक्कड़,महक अरोड़ा को साधुवाद देते हुए उतरोतर प्रगति की कामना की। मुख्य अतिथि डॉ गुंजन सोनी ने मुक्तिधाम पवनपुरी में सेवा करने वाली टीम एवं व्यवस्थापक डॉ दिनेश शर्मा को मुक्तिधाम में दुखी लोगों की शानदार व्यवस्था के लिए धन्यवाद देते भामाशाह मक्कड़ परिवार को शुभकामनाएं दी।

### बदमाशों की पोस्ट को लाइक-कमेंट किया तो कानूनी कार्रवाई

**बीकानेर।** गैंगस्टर, गुंडे, बदमाशों की ओर से सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट को लाइक-कमेंट करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जेल भी जाना पड़ सकता है। एडीजी एटीएस दिनेश एमएन की ओर से जारी आदेश में कहा है कि बड़े गैंगस्टर, गुंडे, बदमाश आमजन में भय और प्रभाव जमाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। विलासितापूर्ण जीवन शैली, महंगी गाड़ियों, हथियार, संपत्ति को सोशल मीडिया पर महिमामंडन करते हैं। इसे देखकर लोग, खासकर युवा अनुयायी बन जाते हैं और प्रभावित होकर अपराध करने लगते हैं। अगर सोशल मीडिया पर ऐसे ही उद्देश्य के लिए पोस्ट डाली जाती है या लॉरेंस, रोहित गैंगस्टर सहित अन्य गैंग के लोगों की ओर से डाली गई पोस्ट को लाइक, कमेंट, शेयर किया जाता है तो उस पर रोकथाम के लिए कानूनी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में सभी रेंज के आईजी, जिलों के एसपी को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### व्यापार मंडल की आमसभा में महत्वपूर्ण मंथन

**बीकानेर।** व्यापार उद्योग मंडल द्वारा मंडल कार्यालय, मोडर्न मार्केट में कार्यकारिणी बैठक आयोजित हुई, जिसमें मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में पूर्व में किये गए कार्यों की समीक्षा, नई जिम्मेदारियों का निर्धारण व साथ ही सदस्यों द्वारा विभिन्न रचनात्मक सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। रवि पुरोहित, कमल बोथरा, परविंदर सिंह राठौड़, दामोदरा महेश्वरी, रतन लाल सोमानी ने अपने सुझाव प्रस्तुत किये इसके पश्चात आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न व्यापारिक एवं औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए। सभा में व्यापार एवं उद्योग जगत की वर्तमान समस्याओं, उनके संभावित समाधान तथा भविष्य की कार्य योजना पर गंभीर एवं सकारात्मक चर्चा हुई। जिसमें सदस्यों द्वारा विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किये गए, जिन्हें सदन में स्वीकृत किया गया । आमसभा में अध्यक्ष जुगल राठी ने विभिन्न कार्यों की जानकारी देते हुए सभी सहयोगी संस्थाओं का सहयोग एवं विश्वास बनाए रखने के लिए आभार जताया।